26

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा / सेम. / 2026 / दिनांकः

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर नियमित परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी विज्ञप्ति

पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांकः 508 दिनांक 07.05.2026 की निरन्तरता अधिनियम –199 G1 से G21 (Notification No. 35) के अनुसरण में शैक्षणिक सत्र् 2025–26 में राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत द्वितीय सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु तिथि निम्नानुसार बढायी जाती है:–

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	बिना विलम्ब शुल्क तिथि	रू. 100/– विलम्ब शुल्क तिथि
1	Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce/ B.SC. Bio-Tech./ B.Sc. Home Scince/ Bachelor of Computer Application/ Bachelor of Business Administration/ Bachelor of Performing Arts/ Bachelor of Visual Arts (B.A., B.Sc., B.Com., B.Sc. Bio-Tech., B.Sc. Home Science, B.C.A., B.B.A., B.P.A. and B.V.A) द्वितीय सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थी	19.05.2026 से 25.05.2026	26.05.2026 से 27.05.2026

नोटः
1. **विश्वविद्यालय की शेष परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु शीघ्र ही पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी।**
2. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।**
3. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।**
4. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत आयोजित होने वाली स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित / स्वयंपाठी) की परीक्षाऐं जून माह के प्रथम सप्ताह में करवाया जाना प्रस्तावित है।**

Sd/-

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / सेम. / 2026 / 1589-1600 दिनांकः 18/05/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन के परीक्षा आवेदन पत्रों की अलग–अलग प्रति / हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**
2. समस्त महाविद्यालय अपने नियमित परीक्षार्थियों के सतत् मूल्यांकन एवं 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें इसके अभाव में परीक्षार्थी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर सकेगा।
3. संबंधित परीक्षार्थियों सतत् मूल्यांकन के अंक परीक्षा पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड़ करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। अतः संबंधित प्राचार्य / प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि परीक्षार्थियों के सतत् मूल्यांकन के अंक अपलोड़ करने के पश्चात् ऑनलाईन सत्यापित करें, ताकि परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भर सके।
4. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
5. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि सत्र 2025–26 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
6. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को मुख्य समाचार पत्रों में समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
8. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
9. निजी सचिव– कुलगुरु / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
10. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

18/5/26

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)